भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3059 का उत्तर

सिवोक-रंगपो रेल परियोजना

3059. श्री राजू बिष्ट:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सिवोक-रंगपो रेल परियोजना की वर्तमान स्थिति/पूर्ण होने का चरण क्या है और इसके पूरा होने की अपेक्षित तिथि क्या है;

(ख) क्या रेलवे द्वारा सिवोक-रंगपो स्टेशनों से गंगटोक, कालिम्पोंग और दार्जिलिंग तक रेल संपर्क प्रदान करने के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन/सर्वेक्षण/प्रस्ताव तैयार किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सिवोक-रंगपो रेल परियोजना पर अब तक खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और पूरा होने पर परियोजना की अनुमानित कुल लागत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेल मंत्रालय ने सिक्किम को जोड़ने के लिए सिवोक-रंगपो (44 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना का काम शुरू किया है। परियोजना की नवीनतम अनुमानित लागत 11,973 करोड़ रुपए है। वर्ष 2025-26 के लिए 2,940 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ मार्च, 2025 तक 8,358 करोड़ रुपए का व्यय उपगत किया गया है।

सिवोक-रंगपो परियोजना सबसे कठिन रेलवे परियोजनाओं में से एक है क्योंकि यह क्षेत्र युवा हिमालय से होकर गुजरता है, जहां बहुत अधिक अप्रत्याशित और बहुत अधिक विविध समस्याओं से भरपूर है। इस इस खंड में मुख्य रूप से 39 किमी लंबाई (14 सुरंगों) की सुरंग का निर्माण शामिल है।

सुरंगों की स्थिति:

क्र.सं.	सुरंग सं.	लंबाई (कि.मी.)	स्टेशनों के बीच	स्थिति
1	टी-1	4.2	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
2	टी-2	0.9	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
3	टी-3	1.2	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
4	टी-4	3.9	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
5	टी-5	2.1	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
6	टी-6	3.9	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
7	टी-7	3.1	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
8	टी-8	4.1	रियांग-रंगपो	कार्य शुरू किया गया है
9	टी-9	0.5	रियांग-मेल्ली	कार्य पूरा हो गया है
10	टी-10	5.3	मेल्ली-रंगपो	कार्य शुरू किया गया है
11	टी-11	3.2	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
12	टी-12	1.4	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
13	टी-13	2.6	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
14	टी-14	1.9	मेल्ली-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है

प्रमुख पुलों की स्थिति:

क्र.सं.	पुल सं. (नदी का नाम)	लंबाई (मीटर में)	स्टेशनों के बीच	स्थिति
1	पुल-02 (अंधेरी झोरा)	174.6	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
2	पुल-03 (काली-झोरा)	369.4	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
3	पुल-04 (स्वेति-झोरा)	70.1	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है

4	पुल-05 (रियांग-खोला)	61	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
5	पुल-06 (रामबी-खोला)	138	सिवोक-रियांग	कार्य पूरा हो गया है
6	पुल-08 (गेल खोला)	76.2	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
7	पुल-09 (तीस्ता नदी)	229.2	रियांग-मेल्ली	कार्य शुरू किया गया है
8	पुल-10 (मेल्ली यार्ड)	133	मेल्ली	कार्य शुरू किया गया है
9	पुल-13 (भालू खोला)	30.5	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
10	पुल-14 (तार खोला)	67.1	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
11	पुल-15 (तुमलोंग खोला)	238.8	रियांग-रंगपो	कार्य पूरा हो गया है
12	पुल-16 (सुखिया खोला)	207	रियांग-रंगपो	कार्य शुरू किया गया है
13	पुल-17 (रंगपो चू)	426.8	रंगपो	कार्य शुरू किया गया है

स्टेशनों की स्थिति:

क्र. सं.	स्टेशन	स्थिति
1	सिवोक	कार्य पूरा हो गया है
2	रियांग	कार्य शुरू किया गया है
3	तीस्ता बाजार	कार्य शुरू किया गया है
4	मेल्ली	कार्य शुरू किया गया है
5	रंगपो	कार्य शुरू किया गया है

यहां कई चुनौतियां हैं जिन्होंने परियोजना कार्यों को पूरा होना प्रभावित हुआ है। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

i. **सुरंगों टी8 और टी10 में कठोर चट्टानी स्तरों का सामना करना।**

ii. वन भूमि के डायवर्जन का प्रस्ताव, 3.26 हेक्टेयर (रियांग यार्ड के लिए) और 3.12 हेक्टेयर (मेल्ली यार्ड और पुल-9 के लिए) मार्च, 2024 से पश्चिम बंगाल सरकार के पास लंबित है, जिससे परियोजना के पूरा होने पर असर पड़ा है।

रंगपो-गंगटोक नई लाइन (40 किलोमीटर) का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, दार्जिलिंग पहले से ही मौजूदा भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है और कालीमपोंग तक रेल संपर्कता तीस्ता बाजार स्टेशन, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे द्वारा प्रदान की जाती है जो लगभग 14 किमी दूर है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के बाद, परियोजना को स्वीकृति के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों से परामर्श और आवश्यक अनुमोदन जैसे नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि के मूल्यांकन अपेक्षित होता है। चूंकि परियोजनाओं को मंजूरी देना एक निरंतर और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए सटीक समय-सीमा विभिन्न हितधारकों द्वारा मूल्यांकन और अनुमोदन पर निर्भर करती है।

इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों यानी 2022-23, 2023-24, 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णतः/आंशिक तौर पर आने वाले कुल 2,519 किलोमीटर की 23 सर्वेक्षण (14 नई लाइन और 9 दोहरीकरण) को स्वीकृत किए गए हैं।

रेल परियोजना/परियोजनाओं की पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकारियों से सांविधिक स्वीकृतियां
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थिति
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति

- **किसी विशेष परियोजना स्थल आदि के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या**

रेल परियोजनाओं के प्रभावी और त्वरित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों में शामिल हैं-:

- **निधियों के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि।**
- **क्षेत्र स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन।**
- **विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की गहन निगरानी।**
- **शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्यजीव स्वीकृतियां और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकारों और संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना।**

******